हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम सस्कार आज नई दिल्ली में निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम सस्कार से पहले उन्हें तोपों से सलामी भी दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बी.जे.पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कॉंग्रेस नेता सोनिया गांधी सहित तमाम बड़े नेताओं ने निगम बोध घाट पहुँच कर पूर्व प्रधानमन्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी। इससे पहले आज सुबह उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय लाया गया, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं तथा लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉंग्रेस मुख्यालय से निगम बोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई।बड़ी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर केंद्र सरकार की तरह हरियाणा सरकार ने भी 26 दिसंबर से पहली जनवरी तक सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।

****

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खड़गे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

****

हरियाणा के सभी स्कूलों में पहली जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा इस संबंधी पत्र जारी किया है। सभी स्कूल 16 जनवरी को खुलेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और आई सी एस सी बोर्ड या अन्य बोर्ड के नियम अनुसार 10वी व 12 वीं के लिए निर्धारित तिथियों पर विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के लिए विद्यालय में बुलाया जा सकता है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बनारसी डिस्ट्रीब्यूटरी में साइफन और क्रॉस रेगुलेटर के पुनर्निर्माण के लिए 147 लाख 88 हजार रुपये मंजूर किए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस का उद्देश्य जल प्रवाह में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को हल करना और क्षेत्र के कई गांवों को लाभ पहुंचाना है। इस परियोजना से गांव खानपुर, मरोदा, कोरा बास, नगीना सहित कई गांवों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि साइफन के पुनर्निर्माण पर अनुमानित 48 लाख रूप की लागत आएगी , जबकि क्रॉस रेगुलेटर के निर्माण पर 99 लाख 81 हजार रुपए खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि **यह** परियोजनाएं समान जल वितरण के साथ किसानों को राहत प्रदान करेंगी, और पूरे क्षेत्र में कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देंगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117 वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

****

देश और प्रदेश के अनेक नेताओं ने कल सिरसा स्थित गांव तेजाखेड़ा फार्म पहुंचकर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की। मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह, हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी सहित अनेक नेताओं ने पूरे शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे चौ. ओमप्रकाश चौटाला का व्यक्तित्व सादगी और संघर्ष का प्रतीक था।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, आर.एल.पी प्रमुख एवं सांसद हनुमान बेनीवाल, सांसद धर्मबीर पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, बलराज कुंडू, गोपाल कांडा, राजस्थान से विधायक रेवंतराम डांगा, विधायक गौरीगंज, उत्तर प्रदेश से विधायक अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह, गौ सेवक संत गोपाल दास महाराज सहित अनेक नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तेजाखेड़ा पहुंचकर चौधरी ओपी चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

****